विधान परिषद के तृतीय सत्र,2022 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री सुरेश कुमार त्रिपाठी, मा० सदस्य विधान परिषद द्वारा पूँछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-14 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 14(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ में कितने कर्मचारी अपनी सेवा पूर्ण करने के उपरान्त दिनांक 31/05/2021 को सेवा निवृत्त हुए हैं ? | नगर पालिका परिषद, बेल्हा, प्रतापगढ़ में दिनांक 31.05.2021 को श्री जगदीश चन्द्र ओझा पुत्र श्री कृपा शंकर ओझा(कुल एक) कर्मचारी सेवानिवृत्त हुआ है। |
| (ख) उक्त कर्मचारियों का विवरण क्या है ? | श्री जगदीश चन्द्र ओझा, पुत्र श्री कृपा शंकर ओझा की नियुक्ति नगर पालिका परिषद, बेल्हा प्रतापगढ़ में दिनांक 01.04.1999 को अर्दली के पद पर हुयी थी, जो अपनी सेवा पूर्ण करके दिनांक 31.05.2021 को सेवानिवृत्त हुये हैं। |
| (ग) उक्त सेवा निवृत्त कर्मचारियों में से किन-किन कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के उपरान्त बकाया देय उपार्जित अवकाश, ग्रेच्युटी, भविष्य निधि, पेंशन आदि का भुगतान अद्यतन नहीं किया गया है ? | दिनांक 31.05.2021 को सेवानिवृत्त हुये कर्मचारी श्री जगदीश चन्द्र ओझा, पुत्र श्री कृपा शंकर ओझा का सेवानिवृत्ति के उपरान्त उपार्जित अवकाश, ग्रेच्युटी, पेंशन एरियर का कुल देयक रू0 8,40,347/- था। इस देयक में से दिनांक 11.11.2022 को रू0 3,25,000/- तथा अवशेष रू0 5,15,347/- का भुगतान दिनांक 24.11.2022 को कर दिया गया है। वर्तमान में इनका कोई भी देयक अवशेष नहीं है। |
| (घ) क्या सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सभी प्रकार के देयकों पेंशन आदि का भुगतान करायेंगे ? | श्री जगदीश चन्द्र ओझा पुत्र श्री कृपा शंकर ओझा दिनांक 31.05.2021 को सेवानिवृत्त हुए हैं। माह जून,2021 से नवम्बर,2021 तक का पेंशन एरियर रू0 1,18,849/- का दिनांक 13.09.2022 व 24.11.2022 को सम्पूर्ण भुगतान कर दिया गया है। श्री ओझा को माह दिसम्बर,2021 से नियमित पेंशन दी जा रही है। वर्तमान में पेंशन रू0 20,096/- प्रतिमाह है। |

ए. के. शर्मा
मंत्री
नगर विकास विभाग ।